GCMS - 2025/190

APP-A
Crim-1

FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम कोटा

सरकार बनाम राजवीर

किस्म मुकदमा 136 L.R नं. 34 सन् 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
08/4/25	राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के अन्तर्गत प्रार्थना–पत्र प्रार्थी तहसीलदार लाडपुरा की ओर से बाद जांच रिपोर्ट पेश हुआ। जांच रिपोर्ट सरिस्ता अवलोकन की गई। प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर हो। तहसीलदार लाडपुरा की ओर से प्रार्थना–पत्र पर बहस कर प्रार्थना–पत्र स्वीकार जाने का निवेदन किया गया। बहस प्रार्थना–पत्र सुनी गई। पत्रावली आदेश वास्ते दिनांक 30/4/25 को पेश हो।	
30/4/25	पत्रावली आदेश वास्ते पेश हुई। प्रार्थी तहसीलदार लाडपुरा की ओर से प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम रंगपुर के खाता संख्या 290 पर बेचान के नामा0 संख्या 1128 दिनांक 29.03.2025 से खसरा संख्या 968/769 रकबा 0.4880 सम्पूर्ण ही राजवीर मीणा के नाम स्वतः स्वीकृत नामान्तरण से दर्ज हुआ जिसे दुरूस्त करवाने हेतु अप्रार्थी द्वारा आवेदन किया है। रजि0 विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक 202503123103961 दिनांक 29.03.2025 से विक्रेता कोमल पत्नि रामावतार मीना द्वारा खसरा संख्या 965/768 रकबा 0.02 सम्पूर्ण व खसरा संख्या 968/769 रकबा 0.4880 में से 0.1360 रकबे का बेचान राजवीर मीणा पुत्र गिर्राज मीणा के पक्ष में किया गया था। परन्तु स्वतः स्वीकृत नामा0 संख्या 1128 दिनांक 29.03.2025 द्वारा खसरा संख्या 965/768 रकबा 0.02 सम्पूर्ण व खसरा संख्या 968/769 रकबा 0.4880 सम्पूर्ण ही राजवीर मीणा पुत्र गिर्राज मीणा के पक्ष में दर्ज हुआ। पटवारी रिपोर्ट अनुसार खसरा संख्या 965/768 रकबा 0.02 सम्पूर्ण व खसरा संख्या 968/769 रकबा 0.4880 में से 0.1360 रकबे का बेचान राजवीर मीणा पुत्र गिर्राज मीणा के पक्ष में दर्ज किया था। जिसे दुरूस्त किया जाना अपेक्षित है। अतः उक्त प्रविष्टियों को दुरूस्त करने के क्षेत्राधिकार का श्रीमान न्यायालय को है। ग्राम रंगपुर के खाता संख्या 290 पर रजि0 विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक 202503123103961 दिनांक 29.03.2025 के अनुसार नामान्तरण दर्ज किये जाने हेतु निर्देश प्रदान करने की कृपा करें। पत्रावली एवं संलग्न दस्तावेज का अवलोकन किया गया। प्रार्थी तहसीलदार लाडपुरा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र में कथन किया है कि ग्राम रंगपुर के खाता संख्या 290 पर बेचान के नामा0 संख्या 1128 दिनांक 29.03.2025 द्वारा खसरा संख्या 965/768 रकबा 0.02 सम्पूर्ण व खसरा संख्या 968/769 रकबा 0.4880 सम्पूर्ण राजवीर मीणा के नाम स्वतः स्वीकृत नामान्तरण से दर्ज हुआ। उक्त त्रुटी ऑनलाईन म्युटेशन के कारण हुई है। जिसकी शुद्धि किया गया उचित है। प्रार्थी तहसीलदार द्वारा प्रार्थना पत्र प्रथम दृष्ट्या स्वीकार	

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
	किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः प्रस्तुत प्रार्थना पत्र धारा 136 भू राजस्व अधिनियम स्वीकार कर ग्राम रंगपुर के खाता संख्या 290 पर बेचान नामा0 संख्या 1128 दिनांक 29.03.2025 द्वारा खसरा संख्या 965/768 रकबा 0.02 सम्पूर्ण व खसरा संख्या 968/769 रकबा 0.4880 सम्पूर्ण के स्थान पर रजि0 विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक 202503123103961 दिनांक 29.03.2025 के अनुसार खसरा संख्या 965/768 रकबा 0.02 सम्पूर्ण व खसरा संख्या 968/769 रकबा 0.4880 में से 0.1360 रकबे का बेचान हिस्सा दर्ज करने के आदेश दिए जाते है। निर्णय की प्रति पालनार्थ तहसीलदार लाडपुरा को प्रेषित की जावें। उक्त निर्णय आज दिनांक 31/7/25 को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। उपखण्ड अधिकारी	